भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 266
दिनांक 04 फरवरी, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

फार्मा शहर

266. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि तेलंगाना राज्य सरकार मुकेरला, हैदराबाद में एक फार्मा शहर स्थापित करने की पहल कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार उक्त फार्मा शहर के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना बना रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक मंत्री (श्री डी.वी सदानंद गौडा)

(क) से (घ): तेलंगाना सरकार ने सूचित किया है कि राज्य सरकार ने हैदराबाद फार्मा सिटी (एचपीसी) नामक एक परियोजना जो विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और सामान्य उद्योग सुविधाओं में सबसे अच्छा होने के साथ-साथ एक एकीकृत औषध समूह है, के कार्यान्वयन के लिए तेलंगाना राज्य औद्योगिक आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड (टीएसआईआईसी) को नियुक्त किया है। औषध विभाग ने "सामान्य सुविधा केन्द्र के लिए बल्क औषध उद्योग को सहायता" उप-योजना के अंतर्गत एचपीसी में ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज आधारित सामान्य प्रभावी उपचार संयंत्र के विकास के प्रस्ताव को 'सैद्धांतिक रूप' से स्वीकृति दे दी है। इस उप-योजना का उद्देश्य राज्य सरकारों/राज्य निगमों द्वारा प्रवर्तित किसी भी आगामी बल्क औषध पार्क में सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना के लिए परियोजना लागत का 70% या 100 करोड़ रुपए, जो भी कम हो, की वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

*****